हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 1 जुलाई 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 सौ करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं से हजारों ...



10 दिन के समय बाजार में अब नहीं घुस पाएंगे भारी वाहन...



## खबर संक्षेप

### बच्चों को सिंधी बोलना और लिखना सिखाया

**विदिशा।** सिंधी साहित्य अकादमी मप्र संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत सहयोग से सिन्धियत पाठशाला नामक सिंधी भाषा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिंधी समाज के बच्चों को सिंधी बोली लिखना, पढ़ना एवं सिंधी गीत, कविता तथा सिंधी महापुरुषों के बारे में जानकारी दी गई। यह शिविर 15 जून से झूलेलाल मंदिर में शुरू हुआ था। 29 जून को समापन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सिंधी साहित्य अकादमी की ओर से प्रमाण पत्र दिए गए। समाज पुरोहित पंडित राकेश शर्मा ने पाठशाला में शिक्षक की भूमिका निभाई।

### दातार बने जिलाध्यक्ष रणवीर प्रदेश महासचिव



**विदिशा।** करणी सेना जिलाध्यक्ष ठाकुर दातार सिंह एवं प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह को बनाया गया है। क्षत्राणी टीम द्वारा दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी उदयपाल सिंह चंदेल, भगवत सिंह, संजय चंद्रावत, अखिलेश राजपूत उपस्थित रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर करनी सैनिक अभिषेक सिंह तोमर, दीपेंद्र सिंह आदित्य बना, अथर्व बना प्रथम बना, राजकुमार, अंशुल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेंटमैरी में जिम्नास्टिक क्लास का शुभारंभ हुआ



**विदिशा।** संटमेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 3 तक के छात्रों के लिए जिम्नास्टिक क्लास शुरू की गई हैं। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों को जिमनास्टिक सिखाया जाएगा। इसके सभी इक्विपमेंट्स संस्था के द्वारा ले लिए गए हैं। फादर सीजो में फीता काटकर उद्घाटन किया और अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को इस साल से हम जिमनास्टिक की सुविधा मुहैया करा रहे हैं। आगे यह सुविधा बड़े बच्चों को भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा, वाइस प्रिंसिपल अनिल वीएस एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर कैलाश अहिरवार मौजूद रहे।

### 58वें दीक्षा दिवस पर तुलसी के पौधे बांटे



**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के 58वें दीक्षा दिवस के अवसर पर भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा फलदार पौधे एवं तुलसी के पौधे बांटे। विशेष अतिथि अरुण सोनी अध्यक्ष लायंस क्लब मौजूद रहे। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह आचार्य श्री के दीक्षा दिवस पर पौधे वितरित किए गए हैं। इस दौरान मंडल की सदस्य नीतू जैन, किरण सिंघई, आरती जैन, संध्या जैन, रुचि जैन, विभा जैन, रश्मि जैन, रिया जैन मौजूद रहीं।

## विरोध: कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर हुई एफआईआर से विदिशा में भड़के कांग्रेसी

# जीतू पटवारी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में दर्ज एफआईआर होने के विरोध में सोमवार को विदिशा में कांग्रेसियों ने धरना दिया। धरने में वक्ताओं ने एफआईआर को पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष और दमनकारी मानसिकता का परिचायक बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह एफआईआर न सिर्फ सच्चाई को दबाने का प्रयास है, बल्कि पीड़ितों को डराने और विपक्ष की आवाज को कुचलने का षड्यंत्र है।



**विदिशा।** गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने जीतू पटवारी पर की गई एफआईआर के विरोध में ज्ञापन दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि 2 जून को ग्राम मूडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के दो पीड़ित भाई गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा दौरे के दौरान मिले। उन्होंने शिकायत की कि गांव के दबंग सरपंच पुत्र विकास एवं उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की और मोटरसाइकिल छीनकर अपमानजनक व्यवहार किया। उनकी आपबीती को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने वीडियो रिकॉर्ड कर सार्वजनिक किया ताकि पीड़ितों को न्याय मिले और प्रशासन जिम्मेदारी ले। इसके अगले ही दिन 26 जून को जिला प्रशासन द्वारा पीड़ितों को तलब कर डरा-धमकाकर शपथ पत्र दिलवाया गया। जिसमें यह आरोप लगाया गया कि मानव मल खिलाने जैसी बात कहने के लिए उन्हे जीतू पटवारी ने उकसाया था। उसी आधार पर 27 जून को मुंगावली थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई। जिसमें जीतू पटवारी को षड्यंत्रकर्ता, धर्म-जाति के आधार पर समाज में द्वेष फैलाने वाला, राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा और सार्वजनिक उपद्रव भड़काने वाला बताया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि यह घटना राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। धरने के बाद ज्ञापन देकर मांग की गई कि सरकार और प्रशासन राजनैतिक हस्तक्षेप छोड़कर, निष्पक्षता से कार्य करें, अन्यथा कांग्रेस जन-जन तक इस साजिश को उजागर करेगी। धरने को नगर कांग्रेस के अध्यक्ष नवनीत कुशवाह ने भी संबोधित किया।

### कांग्रेसियों की मांग

- झूठी एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 को तत्काल निरस्त किया जाए।
- जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर की भूमिका की स्वतंत्र न्यायिक जांच हो।
- पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए, और दबंग सरपंच पुत्र एवं उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
- कांग्रेस पार्टी हर अन्याय के विरुद्ध जनता के साथ खड़ी रहेगी, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करती रहेगी।

## शराब पीने कपड़े फाड़े, मोबाइल 1800 रु. छीनकर भागे 2 बदमाश

### शेरपुरा इलाके में रविवार रात करीब 9 बजे की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शेरपुरा इलाके में रविवार की रात दो बदमाशों ने एक हलवाई के साथ मारपीट की। दोनों ने पहले शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर हलवाई के कपड़े फाड़कर मोबाइल और पैसे छीन लिए। मां हॉस्पिटल के पास रहने वाले महेश केवट मानोरा मेले से लौट रहे थे। वह बस से पीतल मिल चौराहे पर उतरे। खरीफाटक पुलिया के पास दो युवकों ने महेश को रोका और शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर दोनों ने महेश के साथ मारपीट की। आरोपियों ने उनकी शर्ट फाड़ दी। पेट की जेब से 1 हजार 800 रुपए और मोबाइल छीनकर भाग गए।

#### घटना के बाद रिश्तेदार की दुकान पहुंचे पीड़ित

हमले में महेश की आंख और शरीर पर चोट आई। घटना के बाद पीड़ित गल्लामंडी गेट स्थित अपने रिश्तेदार की दुकान पहुंचे। वहां से रिश्तेदार के साथ कोतवाली थाने गए। महेश पिछले तीन दिन से मानोरा मेले में एक दुकानदार के यहां चाय-नाश्ता बनाने का काम कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अध्यापकों ने किया ई अटेंडेंस का विरोध

**लटेरी।** ई अटेंडेंस के विरोध में सोमवार को अध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि ई अटेंडेंस योजना को एक साथ समस्त शासकीय विभागों से प्रारंभ किया जाना चाहिए। शिक्षक एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस को अनिवार्य किया जा रहा है। जबकि प्रदेश सरकार की मंशाअनुरूप लगातार हमने अपना सर्वश्रेष्ठ देकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को राष्ट्र में प्रमुख पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहे हैं। बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन उत्तम रहा है। ई अटेंडेंस योजना से हाजिरी लगने की योजना समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षक संवर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह है। ई अटेंडेंस की समस्या को देखते हुए लटेरी अध्यापक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की है कि ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारियों पर एक साथ लागू की जाना चाहिए।



## खदानों से रेत खनन पर प्रतिबंध

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मानसून सत्र की अवधि में 30 जून से एक सितंबर तक जिले की समस्त रेत खदानों से उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग इंदौर द्वारा जारी वर्षा ऋतु मानसून सत्र की अवधि निर्धारित की है। जिसके परिपालन में जिले में रेत उत्खनन पर रोक लगाने के संबंध में स्थानीय मौसम परिवर्तन के आधार पर उक्त निर्धारित वर्षाकाल अवधि में परिवर्तन किया गया है। अब 30 जून से एक सितम्बर तक जिले की सभी प्रमुख एवं अतिरिक्त रेत खदानों से रेत निकासी के लिए बनाई गई अस्थायी संरचनाएं जैसे पुल पुलिया, सड़क हेतु डाली गई मिट्टी, मुरुम आदि मलवा को नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से हटाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर गुप्ता के द्वारा जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जिला खनिज अधिकारी के साथ-साथ संबंधितों को जारी किए गए हैं।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज कुरवाई में होगी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के संभावित कुरवाई दौरे से पहले कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देशित किया है कि एक जुलाई को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कुरवाई में किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को कुरवाई के आजीविका भवन में सुबह 11 बजे से पूर्व मौजूद होने के निर्देश दिए हैं।

## धरती आबा अभियान का समापन: शिविरों में शामिल नहीं होने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



जिले में धरती आबा अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक आयोजित किए गए शिविरों में जिन विभागों के अधिकारी शामिल नहीं हुए उनके खिलाफ अब कार्रवाई होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा है कि जिन विभागीय जिलाधिकारियों द्वारा धरती आबा अभियान के महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरती गई उन संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश अभियान के जिला नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया को दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिले के जिन 86 गांव में शिविर लगाए गए हैं उन गांवों में विभागों के द्वारा हितग्राहियों को व्यक्तिगत हितलाभ व अन्य पैरामीटरों को पूर्ण कराया गया है। विभागीय अधिकारी के द्वारा कराए गए कार्यों की क्रास मानिटरिंग के लिए फॉलोअप शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। शिविरों में न पहुंचने वाले ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर अब कार्रवाई होगी।

## कालापाठा-हैदरगढ़ मार्ग पर सड़क और पुल के बीच में दरार, हादसे की आशंका

### बाइक सवारों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है, सुधार कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

हैदरगढ़ से कालापाठा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर खिरिया गांव के पास बने दो पुलों पर सड़क और पुल के जोड़ के बीच एक बड़ा गैप आ गया है। यह खतरनाक दरार पिछले कई महीनों से राहगीरों के लिए बड़े हादसे का सबब बनी हुई है। मोटरसाइकिल सवारों के लिए तो यह जानलेवा साबित हो सकती है। क्योंकि पहिए इसमें फंसकर संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है।

स्थानीय निवासियों ने कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका आरोप है कि यह ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है। जिसने निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया। जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के इंजीनियर फतेह सिंह चौहान से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी है। उन्होंने ठेकेदार से बात कर जल्द सुधार कराने का आश्वासन दिया है। हालांकि स्थानीय लोग इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हैं और तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। खासकर मानसून के आगमन से पहले। जब यह गैप और भी खतरनाक हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब कोई हादसा हो जाता है उसके बाद अधिकारी सुध लेते हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी घटना होने तक इंतजार करते रहते हैं।



**हैदरगढ़।** पुल व सड़क के बीच में गैप आने से हादसे होने का अंदेशा बना हुआ है।

## कलेक्टर ने दिए सड़कों की मरम्मत के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान जल मिशन के कार्यों का जायजा लिया। नल से घर तक जल पहुंचाने कग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्यों के दौरान सड़कों को जो क्षति पहुंचाई गई है वह मरम्मत की गई है कि नहीं इसका परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जल निगम के कार्यों से ग्रामीणजनों को गांव के अंदर आवागमन में दिक्कत न हो। मार्ग कीचड़ रहित हों इसके लिए लोक निर्माण विभाग, आरईएस और पीएमजीएसवाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सड़कों का आंकलन करें और क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने आगामी टीएल बैठक में समुचित जानकारियों सहित उपस्थित होने के निर्देश विभागों के अधिकारियों और जल निगम के अधिकारियों को दिए हैं।

### लटेरी पंचायत महावन के नेवली गांव में हैजा प्रभावितों से मिले विधायक

## पीएचई विभाग के अफसरों को विधायक की चेतावनी गंदे पानी की समस्या हल नहीं की तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

ग्राम पंचायत महावन के ग्राम नेवली में पहुंचकर विधायक उमाकांत शर्मा ने हैजा प्रभावित लोगों व उनके परिजनों से बात कर समस्याएं सुनीं।

विधायक उमाकांत शर्मा ने मौके पर मौजूद प्रशासन अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से स्वास्थ्य के विषय में चर्चा की और निर्देश दिए की ग्राम में स्वच्छ पेयजल पानी की व्यवस्था करें। पीड़ितों को उचित इलाज मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पीएचई विभाग ने जल्द गंदे पानी की समस्या का समाधान नहीं किया तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल निगम विभाग के एसडीओ से फोन के माध्यम से संपर्क किया।



**लटेरी।** गांव पहुंचकर प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए विधायक श्री शर्मा।

### सड़क के गड्ढों से जल स्रोत में पहुंचा गंदा पानी

नेवली गांव में ठेकेदार द्वारा सीसी रोड एवं गड्ढा खोदे हैं उनके माध्यम से जल स्रोत में दूषित पानी पहुंचा। विधायक जल निगम के एसडीओ को चेतावनी दी कि अगर सीसी रोड और नाली को सही नहीं करवाई तो हैजा की जिम्मेदारी आप की होगी। उन्होंने कहा कि हमारी ग्राम पंचायत स्वच्छता में बहुत पिछड़ी है। पीएचई विभाग जल निगम के ठेकेदारों ने ग्राम पंचायत का सीसी रोड नाली की खुदाई की। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। जिसमें जल भराव हो जाता है। जिससे दूषित जल स्रोत तक पहुंच जाता है। इसलिए सभी पंचायत में जहां-जहां ठेकेदार ने सीसी रोड खुदा है वहां पर जल्द ही सीसी निर्माण कराया जाए। विधायक उमाकांत शर्मा ने जल निगम एवं पीएचई विभाग को निर्देशित किया।

### कठोर होती जमीन को नरम बनाने में सहायक होगी बोवनी

# धान से किसानों का मोह भंग, रकबा घटाकर मक्का की फसल लगाने आकर्षित हो रहे जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जमीन को सकून देने वाली अच्छी खबर है कि विदिशा जिले का किसान मक्का की फसल लगाने के लिए आकर्षित हुआ है।

मक्का और ज्वार जैसी फसलों से जमीन की ऊर्वरा शक्ति बढ़ने के साथ कठोर होती जमीन को नरम बनाने में सहायक होती हैं। जिले में सालों से लगातार सोयाबीन की फसल लगाने और उसमें खरपतवार नाशक और कीटनाशक का अंधाधुंध उपयोग करने से जमीन अत्यंत कठोर हो गई है। इससे पैदावार घटने के साथ जमीन पर बंजर होने का खतरा मंडरा रहा है। सोयाबीन की पैदावार कम हुई और इसमें घाटा लगने लगा तो किसान धान की फसल लगाने की तरफ आकर्षित हुआ। लेकिन बिडंबना है कि सोयाबीन की फसल से जमीन 20 साल में जितनी कठोर हुई होगी, धान की फसल से वह तीन साल में ही उससे ज्यादा कठोर हो जाएगी। सरकार भी ज्वार को बढ़ावा दे रही है।

इस बार जिलेभर में किसानों ने धान का रकबा कम करते हुए मक्का का रकबा बढ़ा दिया है। विदिशा जिले का किसान अब धीरे धीरे सोयाबीन की फसल के साथ-साथ धान, मक्का की तरफ आकर्षित हो रहा है। सोयाबीन की फसल में लगातार घाटा होने के कारण किसानों को खरीफ की फसल लगाने के लिए अभी भी बहुत अच्छे विकल्प उपलब्ध नहीं हो सके हैं।

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस बार धान की फसल लगाने में किसानों की रुचि कम हुई हैं और रकबा भी 10 प्रतिशत की गिरावट होकर 1 लाख हेक्टेयर से घटकर 90 हजार हेक्टेयर का अनुमान लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ अच्छी खबर यह है कि जिलेभर में किसानों ने मक्का का रकबा एकदम दो गुना से अधिक कर दिया है।

### रकबे में वृद्धि: 28 से 29 हजार हेक्टेयर होने की उम्मीद



कृषि उपसंचालक केएस खपेड़िया बताते हैं कि गत वर्ष मक्का की फसल का रकबा 12 से 14 हजार हेक्टेयर था। लेकिन इस बार मक्का का रकबे में एकदम वृद्धि होकर 28 से 29 हजार हेक्टेयर होने की उम्मीद है। इसके अलावा अरहर और मूंग के साथ उड़द की फसल लगाने से भी जमीन की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है। ऐसे में किसान अपने कठोर होती जमीन को सुधारने के लिए दलहन की फसल बोना शुरु करें तो एक फसल लेने के बाद ही अगली फसल बहुत अच्छी पैदा होती है और जमीन भी भुरभरी होती है।

### थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

## मोहर्रम को शांति और सदभाव सौहार्द्र से मनाने दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

आगामी मोहर्रम त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने की नसीहत देने थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

थाना प्रभारी ने मोहर्रम के दौरान शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस और अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग और समय का पालन करें। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद से बचने के लिए पुलिस की विशेष तैनाती की जाएगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने त्योहार को सफल बनाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने सभी धर्मों के बीच भाईचारे और सहिष्णुता को बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, प्रताप सिंह रघुवंशी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि लीलाधर कुशवाह, जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी, बद्दू खान, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3021
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2640
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव-2440
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5641
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3051
उच्चतम भाव-3520
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-3200
मसूर
न्यूनतम भाव-4530
उच्चतम भाव-6700
सरसों
न्यूनतम भाव-3550
उच्चतम भाव-7200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4390
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7290
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-4600
ज्वार
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2760
धनिया
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-6000
बटरी
न्यूनतम भाव-2680
उच्चतम भाव-3710
तुअर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5760

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 6749 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# सैकड़ों शिक्षकों के साथ सड़क पर उतरा संगठन, किया जियो टैग ई-अटेंडेंस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश और जिला विदिशा में पहले जियो टैग और अब हमारे शिक्षक एप के जरिऐ ई-अटेंडेंस लगाने के अव्यवहारिक फैसले से शिक्षक संगठन में रोष व्याप्त है। भारतीय धर्म एवं संस्कृति के सर्वोच्च पद गुरू, शिक्षक को इन आदेशों से परेशान किऐ जाने पर शासकीय शिक्षक संगठन ने अत्यन्त नाराजगी जाहिर करते हुए सैकड़ों शिक्षकों ने प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी के नेतृत्व मे एसडीएम विजय राय को मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से हमारे शिक्षक एप से एक, जुलाई 2025 से ई अटेंडेंस दोनों समय लगाने का आदेश जारी किया गया है, जो कि अव्यवहारिक है। अतः इसको निरस्त करवाया जाए।

शिक्षकों के साथ ही अन्य विभागों के कर्मचारी शासन के अंग के रूप में कार्य करते है परंतु केवल शिक्षकों की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगाया जा रहा है, अतः इसे निरस्त किया जाये। गाँव में पदस्थ शिक्षकों के लिए कार्य स्थल पर आवास निर्माण करवाया जाये, इसके बाद ही इस अमानवीय आदेश को लागू किया जाऐ। विदिशा जिले में पूर्व से संचालित जियोटेग ई-अटेंडेंस के आदेश को निरस्त किया जाऐ। शिक्षकों से केवल शिक्षकीय कार्य करवाया जाऐ। निर्वाचन बीएलओ एवं अन्य कार्यों में शाला समय पश्चात न लगाया जाऐ। शिक्षकों से आदेश, निर्देश का पालन मोबाइल व्हाट्सएप पर करवाया जाता है।




शिक्षकों के लिए प्रतिमाह निःशुल्क डेटा, रिचार्ज उपलब्ध करवाया जाऐ। पूर्व में शासन द्वारा आदेश जारी किया गया था कि डीपीआई, राज्य शिक्षा केंद्र, डीईओ, डीपीसी, डाइट प्राचार्य, बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य एवं जनशिक्षक द्वारा माह में निर्धारित निरीक्षण पूर्ण करना है। यदि इस आदेश के बाद भी शासन को लगता है कि व्यवस्था में सुधार नहीं है और ई-अटेंडेंस की आवश्यकता है, तो प्रतीत होता है कि शासन को उक्त अमले पर भरोसा नहीं है, इसलिए उक्त प्रशासनिक अमले की आवश्यकता क्या है उक्त अमले को हटा दिया जाए। शिक्षकों की 20 वर्ष की वरिष्ठता शून्य कर प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता न मानकर 20 वर्ष बाद मानी गई। जिस कारण पेंशन ग्रेजुटी अन्य लाभों से वंचित किया गया जा रहा है, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही वरिष्ठता मानी जाऐ। इस अवसर पर अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया,नवनीता जैन, वंदना रघुवंशी, साधना दास, दुर्गा सोनी, प्रियंका श्रीवास्तव, मंजुलता नामदेव, किरण चौरसिया, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी, पं. संदेश मिश्र, एल आर अहिरवार, संजीव रघुवंशी, शिवनारायण सक्सैना, कमलेश रघुवंशी, अजय शर्मा, संजय नामदेव, मनीष देशपांडे, अनिल श्रीवास, भगवती सक्सैना सहित सैकडों शिक्षक उपस्थित थे।

### विधायक रघुवंशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को सिंचाई योजना का प्रोजेक्ट सौंपा

# सौ करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं से हजारों किसान होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विधानसभा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ से अधिक की सिंचाई योजना का प्रोजेक्ट यदि स्वीकृत होता है तो हजारों किसान इससे लाभान्वित होंगे। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से सौजन्य भेंटकर एक प्रोजेक्ट सहित मांग पत्र सौंपा है। केंद्रीय मंत्री की सहमति के बाद इसके शीघ्र स्वीकृत होने की उम्मीद लगाई जा रही है। यह प्रोजेक्ट सफल हुआ तो ग्यारसपुर, गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा।

विधायक ने सांसद एवं कृषि मंत्री को दिए मांग पत्र में बताया है कि क्षेत्र के कृषकों को कृषि सिंचाई में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूर्व में जो प्रस्तावित सिंचाई योजना है उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिलती है तो



किसानों का सिंचाई का रास्ता आसान हो जाएगा। प्रस्तावित योजना में ग्यारसपुर की बावना मध्यम प्रेंशराईज सिंचाई योजना है, जिसकी लागत 43263.25 लाख प्रस्तावित है,सिंचित क्षेत्र 8500.00 हेक्टयर है। इसमें 41 ग्राम की सूची संलग्न है। इस योजना की स्वीकृत होने से 2400 किसान लाभान्वित होंगे। इसकी लागत प्रति हैक्टेयर के के मान से 5.09 लाख प्रति हेक्टेयर रखी गई है। इसके अलावा लखूली लघु सिंचाई योजना है। जिनके अनुमान लागत 3071.30 लाख है। प्रस्तावित क्षेत्र 788.00 हेक्टयर है। इसमेंलाभान्वित कृषकों की संख्या 650 है, धौखेड़ा लघु सिंचाई योजना की अनुमानित लागत 2088.75 लाख प्रस्तावित है। सिंचित क्षेत्र 450.00 हेक्टयर है। लाभान्वित ग्राम धौखेडा, पिपरिया, रहीश नगर सहित अन्य ग्राम है इसमें लाभान्वित कृषकों की संख्या 250 लागत प्रति हेक्टयर 4.53 लाख प्रति हेक्ट है।

इसके अलावा मोहम्मदगढ़ लघु सिंचाई योजना है। जिसकी अनुमानित लागत 2564.96 लाख है। प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र 570.00 हेक्टयर है। इसमें लाभान्वित ग्राम मोहम्मदगढ़, चिकली, चिरावटा आदि हैं। जिसमें कृषकों की संख्या 450 है। लागत प्रति हेक्टयर 4.50 लाख प्रति हेक्टयर है। इसके अलावा बेतवा बृहद प्रेशराईज सिंबाई योजना है, इसकी अनुमानित लागत 70002.18 लाख है, लाभान्वित ग्राम 43 ग्राम जिनमें से 21 ग्राम गंजबासौदा विधानसभा के भी लाभान्वित होगे, जैसे ग्राम पबई, गमाखर, महागौर, सलोई, ललोई, बड़ागांव, नौघई, आदि ग्राम शामिल हैं। इनकी सूची भी कृषि मंत्री को सौंपी गई है। इसमें प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र 17100.00 हेक्टयर लाभान्वित कृषकों की संख्या 3000 है। इसके अलावा ग्राम चौरावर के समीप बेतवा बैराज प्रस्तावित है, जिसके सर्वे हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। परियोजना की जल भराव क्षमता 50 मिमी आंकलित की जाकर 15000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। इससे चौरावर सहित आस-पास के ग्रामों में कृषक लाभान्धित होगें। इसके अलावा त्योंदा तहसील के बघरु बांध से छूटे हुए ग्राम जिनमें अमारी, हामिदपुर, बगरोदा, मुराहर, मैनवाडा, गुदावल व अन्य ग्रामों में बांध से पानी दिया जाना है। इसे भी पूर्ण नेटवर्क को प्रेशराइज्ड सिंचाई प्रणाली में परिवर्तित करने का प्रस्ताव है। उक्त कार्य होने से पूर्ण से शेष छूटे ग्राम के कृषक भी लाभान्वित हो सकेंगे। वहीं भिदवासन, करारी, अनवई, गुलावरी, मासेर, सौंसेरा, करोंदाखुर्द आदि ग्रामों में भी सिंचाई परियोजनाओं के लिए सर्वे कराकर जल्द ही सिंचाई योजनाएं स्वीकृत करवाई जाएगी।

विधायक हरिसिंह रघुवंशी को ऐसा आश्वासन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिया गया है। ज्ञात हो कि गंजबासौदा, ग्यारसपुर क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से भेंट की थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि 6 जुलाई को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगर आगमन पर इन परियोजनाओं की स्वीकृति की घोषणा हो सकती है।

## 12 को आएंगे जगतगुरु, होंगे तीन दिवसीय प्रवचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम के संरक्षक रामानंदाचार्य स्वामी डॉक्टर रामकमलाचार्य महाराज का जगतगुरु की उपाधि के उपरांत प्रथम नगर आगमन 12 जुलाई को होगा। इस शुभ अवसर पर भव्य स्वागत व स्थानीय रेलवे स्टेशन से सुबह 9 बजे से नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वेदांत आश्रम तक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। साथ ही 12 से 14 जुलाई तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक डॉक्टर वेदांती महाराज के श्रीमुख से भव्य धार्मिक प्रवचन का भी आयोजन वेदांत आश्रम जीवजीपुर में होगा। यह समस्त जानकारी सोमवार को वेदांत आश्रम जीवाजीपुर में आयोजित एक प्रेसवार्ता के माध्यम से आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज ने दी। महाराज ने मीडिया के माध्यम से नगरवासियों से अपील की है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संतों ने क्षेत्र के गौरव वेदांत आश्रम के संस्थापक स्वामी वेदांती महाराज को जगतगुरु की उपाधि दी है। जिसके उपरांत उनका यह प्रथम नगर आगमन है हम सब उनकी आगवानी में शामिल होकर जगतगुरु का भव्य स्वागत करें। साथ गुरुपूर्णिमा के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय प्रवचन में शामिल होकर धर्म लाभ लें।

## 'पंचतत्व' ने किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय शासकीय एकीकृत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंचतत्व संरक्षण समिति ने कदंब और अशोक के पौधों का रोपण स्कूल के बच्चों, प्रधानाध्यापक अनिल दुबे के साथ किया। जिनमें पानी देने का संकल्प स्कूल के स्टॉफ ने लिया, पौधे पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर स्कूल प्रधानाध्यापक अनिल दुबे, मधुर श्रीवास्तव, नेतराम मिश्रा, रुचिता यादव, मनोज भार्गव, पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, रणवीर सिंह, बृजेंद्र दांगी, भगत सिंह सहित छात्र उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रक्षा समिति सदस्यों ने किया सम्मान



**गंज बासौदा।** रक्षा समिति द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली योगेंद्र परमार के सेवानिवृत्त होने पर उदयपुर चौकी पर साल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सर्वप्रथम उदयपुर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ, गणेशजी धाम पर दर्शन किए। इस अवसर पर रक्षा समिति के दीपक तिवारी, उदयपुर चौकी प्रभारी, रक्षा समिति के मुन्ना कपूर, विनोद रघुवंशी, मुन्ना लाल, मनोहर दांगी, राम सिंह, पप्पू,बालकिशन, अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता संपन्न

**गंजबासौदा।** गत दिवस कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। इस मौक पर ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। जिसमे 414 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। सभी रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को एक लिंक के माध्यम से क्विज में पूछे गए सवालों के जवाब देना थे। इस क्विज में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी 8 कृषि महाविद्यालयों एवं 2 उद्यानिकी महाविद्यालयों के स्नातक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। क्विज के प्रथम दस शीर्ष अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का आयोजन भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों डॉ मुजाहिदा सैयद, डॉ. राज मोहन शर्मा, डॉ. अपर्णा शर्मा की निगरानी में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने एवं छात्रों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन होने की इच्छा जताई है।

### नगर में दिन भर चला बारिश का दौर

**गंजबासौदा।** रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दोपहर तक पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो कई घण्टों तक चलता रहा। इलाके भर में कई घण्टों तक हुई बारिश से नगर की सड़कें, नाले, नालियां पानी से लबालब हो गए। वहीं पारासरी नदी का जल स्तर भी बड़ गया। रविवार को हुई बारिश इस वर्ष की पहली झमाझम और कई घण्टों तक होने वाली बारिश रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




ग्राम पंचायत विषधा में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन सोमवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर 37.50 लाख की लागत से बनने वाले ग्राम पंचायत भवन का भूमि पूजन विधायक द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि 15 से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित किया गया था। इसमें ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित किए गए अब तक 81 ग्रामों शिविर संपन्न किए गए है। संपन्न हुए शिवरों जनजाति समुदायों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने मौके पर लाभान्वित किया गया। जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के शिविरों में जनजाति समुदाय के उपस्थित जनों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उनका समाधान किया गया। वहीं विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों कोअवगत कराया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि अब तक संपन्न शिविरों में 1610 नागरिकों को व्यक्तिगत सेवाओं से लाभान्वित किया गया है, जिसमें मुख्यतः आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ई केवाईसी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन धन खाता, मनरेगा, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। जिन पर संबंधित विभागों के द्वारा कार्रवाई कर आवेदकों को हितलाभ से लाभान्वित किया जा चुका है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा धरती आबा अभियान तहत जिन जिन ग्रामों शिविर आयोजित किए गए उन सब में एमएमयू मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन में मौजूद चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ के द्वारा ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां निशुल्क प्रदाय की गई हैं। वहीं परीक्षण के दौरान गंभीर बीमारियों से ग्रस्त पाए गए मरीजों को जिला चिकित्सालय अथवा मेडिकल कॉलेज रेफर करने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

### सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



**गंजबासौदा।** सोमवार को जल प्रदाय शाखा नगर पालिका परिषद में कई वषों से कार्यरत कर्मचारी ब्रजकिशोर पाराशर के सेवा निवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित परिषद के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हे बधाई दी।

### वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया

# चार सत्र में बैठक का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को एक निजी गार्डन में रानी कमलापति न्यास द्वारा चार सत्र में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रथम सत्र में भोपाल से आए समाजसेवी संतोष मीणा द्वारा पंच परिवर्तन एवं समाज परिवर्तन विषय रखा गया। द्वितीय सत्र में समाजसेवी डॉ. मनीष उपाध्याय द्वारा विषय नागरिक सुरक्षा एवं नागरिक कर्तव्य पर एवंरोजगार उन्नमुखी एवं शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। तृतीय सत्र में समाजसेवी बालेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा रोजगार उन्नमुखी एवं शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण विषय पर बताया गया ओटीटी द्वारा बच्चों पर दुष्प्रभाव आमजन को जानकारी दी गई।

चतुर्थ सत्र में मध्यप्रदेश बाल आयोग की सदस्य बाल अधिकार संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्य डॉ निवेदिता शर्मा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर प्रकाश डाला गया। साथ ही मुरैना से अधिवक्ता राजीव दंडोतिया द्वारा पर्यावरण से संबंधित कानूनों पर जानकारी दी गई। समापन सत्र में समाज सेवी रविकांत भदौरिया द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर जनजागरण संबंधी विषय रखा गया एवं समापन उद्बोधन देवेंद्र रेड्डी द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने संस्कृति एवं राष्ट्र के उत्थान में कानूनों से ज्यादा आम नागरिक की भूमिका पर जोर दिया। संभाग ग्वालियर, चम्बल, भोपाल, नर्मदापुर से आए 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में नगर के सहयोगी नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह, रामसेवक विश्वकर्मा, मुकेश सिंह, अमान सिंह, प्रमोद सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, नितीश श्रीवास्तव, सुनील यादव, अमन शर्मा, रामेश्वर तिवारी, धनराज सोनी, रणजीत सिंह, किन्नर मुन्ना मामा, विपिन जैन उपस्थित रहे।

## दीक्षा दिवस पर 58 यूनिट रक्तदान किया




**गंजबासौदा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के 58 में दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय महिला परिषद भारतीय जैन संघटना जैन मिलन राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ, इनर व्हील क्लब के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर विहार में किया गया। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद सतीश जैन, मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, मंत्री सतीश जैन, सकल जैन समाज के महामंत्री पदमचंद, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रीता देवी भावसार मौजूद थीं। डॉक्टर अतुल जैन, संकुल जैन, डॉक्टर नेहा जैन, डॉक्टर श्वेता जैन के निर्देशन में यह शिविर आयोजित किया गया। सभी को महिला मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हर्षित जैन एवं रेशु जैन ने किया तथा आभार दीपा जैन ने व्यक्त किया। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला मंडल के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 58 यूनिट से ज्यादा रक्तदान करने वालों की संख्या रही। रक्त लेने के लिए विदिशा से टीम को आमंत्रित किया गया, संस्था द्वारा अखिल भारतीय महिला परिषद को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठजन एवं समस्त महिला सदस्य सहित ब्लड बैंक टैक्नीशियन संतोष शुक्ला, संजय सोनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच चला रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुहर्रम के अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने देश में सकारात्मक बदलाव, सामाजिक सुधार और वैश्विक शांति की दिशा में ऐतिहासिक संकल्प लेने का आह्वान किया। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने सभी हम वतन भाई बहनो से "मां के नाम पेड़", "नशा मुक्त भारत" और "वैश्विक शांति का आह्वान" जैसे अभियानों के माध्यम से देश और दुनिया के लिए हजरत इमाम हसन हुसैन के बताऐ मार्ग पर चलकर एक नई दिशा देने की बात कही।

कादरी ने कहा हरित भारत, एक पेड़ मां के नाम और नशा मुक्त भारत एक प्रेरणादायक पहल है। इस पहल के तहत हर साल अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया जाऐ। यह पहल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के अलावा मां के प्रति सम्मान और धरती के प्रति जिम्मेदारी को जोड़ने वाली एक सांस्कृतिक क्रांति है। मंच ने सर्वसम्मति से नशा छोड़ो, देश जोड़ो नाम से एक



राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजक तबस्सुम शफीक खान ने बताया नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत मदरसों, मस्जिदों, स्कूलों, पंचायतों और डिजिटल मीडिया के ज़रिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिला संयोजक सैयद शादाब अली, साजिद कुरैशी, बाबू भाई ठेकेदार, शिब्बू गौरी, सैयद फिरासत हुसैन कादरी ने सहित अनेक लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। काजी सैयद शोएब हुसैन घोषणा की कि हरित भारत, एक पेड़ मां के नाम और नशा मुक्त भारत जैसे अभियानों को हर ज़िले, ब्लॉक और ग्राम पंचायत तक पहुँचाया जाएगा।

इसके लिए एक डिजिटल ट्रैकर प्लेटफॉर्म तैयार किए जाने की बात भी उठी। जिससे नागरिकों की भागीदारी दर्ज की जा सके। एडवोकेट अजहर कुरैशी, उम्र खान, हाफिज रहमान, हाफिज राजा ने शीघ्र ही शांति टोली नाम की एक युवा टीम बनाने की भी चर्चा की जो घूम-घूमकर शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देगी।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 2 को

**सागर।** जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के निर्देशानुसार जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 2 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में पीएचई विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन विहीन शालाएं, जर्जर भवनों, शिक्षा विभाग अंतर्गत शौचालय की समीक्षा एवं आवंटन जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### जिले में अब तक 169.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 169.7 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 261.3 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 137.0 मि.मी., जैसीनगर में 104.1 मि.मी., राहतगढ़ में 261.3 मि.मी., बीना में 165.2 मि.मी., खुरई में 218.4 मि.मी, मालथौन में 178.0 मि.मी., बण्डा में 155.4 मि.मी, शाहगढ में 162.0 मि.मी, गढ़ाकोटा में 184.4 मि.मी, रहली में 188.0 मि.मी, देवरी में 93.2 मि.मी. तथा केसली में 189.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन क्षमता वर्धन प्रशिक्षण

**सागर।** एमएसएमई भारत सरकार एवं उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश सेडमैप के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क आयोजित होने वाले असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन (घरेलू सह औद्योगिक) क्षमता वर्धन प्रशिक्षण की तिथि 01 जुलाई से बढ़ाकर 07 जुलाई 2025 की गई है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं से 05 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर में स्थित सेडमैप कार्यालय में जिला समन्वयक एन. एस. तोमर के पास पंजीयन कर सकते हैं।

## सड़कों पर रहता है आवारा मवेशियों का कब्जा, आम नागरिक परेशान

# गौशाला होने के बाद भी सड़कों पर टहलते नजर आते हैं मवेशी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर की जनता और सड़क पर चलने वाले राहगीर लंबे समय से आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से परेशान हैं। यहां लगभग हर सड़क पर आवारा मवेशियों का आतंक है। मुख्य मार्ग से लेकर बस स्टैंड,सब्जी मंडी,लिंक रोड,मण्डी रोड इन सभी जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा सर्वाधिक देखने को मिलता है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटना होने से लोग परेशान हैं। ये मवेशी आए दिन आपस में भिड़ जाते हैं जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं है।

### गोशाला होने के बाद भी सड़कों पर टहलते मवेशी

नगर में भले ही लाखों रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण किया हो लेकिन अब भी सड़क पर यहां वहां आवारा मवेशी टहलते हुए आसानी से देखा जा सकता है यह मवेशी आवाजाही करने वाले लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन रहे हैं तो वहीं हादसों को भी बढ़ावा देने में अलग भूमिका निभा रहे हैं। वही आने वाले बारिश के मौसम में यह समस्या और भी बढ जाती है। वर्तमान में तहसील रोड, लिंक रोड, छत्री नाका चौराहा, सहित अन्य जगहों पर सड़क किनारे मवेशियों की आसानी से देखा जा सकता है कई बार मवेशियों के बीच सड़क पर वाहन आने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है यही नहीं जरा सी नजर हटी तो हादसे में भी देर नहीं लगती है।

### वाहन चालक होते हैं परेशा

मवेशियों का सबसे ज्यादा जमावड़ा सड़कों पर होता है। यहां पर लगभग पूरी सड़क पर मवेशी दिन भर खड़े रहते हैं तो कई मवेशी बीच सड़क पर ही बैठे रहते है। वाहन चालक हार्न भी बजाता है तब भी वे टस से मस नहीं होते। वाहन चालकों को नीचे उतरकर उन्हें सड़क किनारे करना पड़ता है, तभी वह आगे बढ़ते हैं। दिन हो या फिर रात यह मवेशी राहगीरों के लिए सबसे ज्यादा मुसीबत बने हुए हैं लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान न दिए जाने से सब्जी व फल विक्रेता व राहगीरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

### बारिश के मौसम में और भी ज्यादा होगी परेशानी


अब तक यह मवेशी खाली पडी जगहो में भी टहलते थे। लेकिन अब बारिश का मौसम चालू होने वाला है और कीचड होने के कारण मवेशियों का पूरी तरह से सडक पर ही डेरा जमा होता है। खास बात तो है कि कुछ दिन बाद किसानो की बोवनी होनी भी चालू हो गई है। बोवनी होते ही खेत हरे भरे हो जाएगें। उस दौरान मवेशी फसलों को भी नुकसान पहुचाएगें। इससे किसानो के चहरे पर भी चिंता की लकीरे देखी जा रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली व मैजिक वाहनों पर लटकते हुए लोहे पर नहीं लगाए जाते सांकेतिक निशान

**सिरोंज।** नगर में सड़क के आसपास संचालित बिल्डिंग मटेरियल सप्लायरों की दुकान के सामने रेत, गिट्टी और लोहा सरिया का स्टॉक रखा रहता है। सप्लायर सड़क पर वाहन लगवाकर सामग्री लोड करवाते हैं, तो दूसरी तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहनों में लोहा रखकर तेज रफ्तार से दौड़ाए जा रहा है। असुरक्षित तरीके से रखे लोहा-सरिया के कारण सड़क से निकल रहे दूसरे वाहन चालक सहित राहगीरों को खासी असुविधा होती है। इस दौरान लोहे की छड़ वाहन से बाहर निकलने से सड़क पर चलना खतरों भरा हो रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली और मैजिक वाहनों पर लटकते हुए लोहे पर कोई सांकेतिक निशान नहीं लगाए जाते। ऐसे वाहनों के आवागमन से हर पल दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता।



## हज के मुकद्दस सफर से वापसी पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच व गौ सेवा प्रकोष्ठ ने हाजियों का किया इस्तकबाल



**सिरोंज।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच व गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक शफाक़त हुसैन कादरी के निर्देश अनुसार सिरोंज तहसील संयोजक इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार,नगर संयोजक वाजिद कुरैशी के नेतृत्व में हज के मुकद्दस सफर से वापसी पर समस्त हाजियों को फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। तो वही देश-प्रदेश में अमन चैन भाईचारे की दुआ की दरखास्त की। इस अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के नगर अध्यक्ष वाहिद गौरी,ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी लटेरी के नगर अध्यक्ष इमरान अली, रहीम मंसूरी, हाजी मौलवी अलीम कासमी, हाजी मोहम्मद हमजा, हाफिज मोहम्मद फहीम, हाफिज अब्दुल कय्यूम, हाजी अब्दुल्ला, हाजी मोहम्मद जावेद, हाजी असलम, हाजी मोहम्मद मुस्ताक गोरी, हाजी फैसल हक गोरी आदि लोग मौजूद रहे।



## वेदिका फाउंडेशन के तहत 11 मरीजों को निशुल्क इलाज के लिए भेजा भोपाल

**गढ़ाकोटा।** शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा चलाए जा रहे वेदिका फाउंडेशन के तहत रविवार को 11 मरीजों के निशुल्क इलाज के लिए गढ़ाकोटा से भोपाल भिजवाया गया। जिनमें हटा निवासी 17 माह की बच्ची दीपांशी पटेल को हार्ड में छेद के इलाज हेतु शामिल है। प्रभारी सचिन अठभैया ने बताया कि वेदिका फाउंडेशन के तहत हर रविवार को मरीजों के लिए भोपाल भिजवाया जा रहा है। जिसमें देवासीं पटेल निवासी हटा, परवीन खान गढ़ाकोटा, रघुवीर लोधी काछी पिपरिया, कैलाश काछी काछी पिपरिया, शिवचरण कुर्मी रेगुंवा, भगवत कुर्मी रेगुवां, कमल रानी पटेल रहली, अहिल्या रानी अहिरवार छुल्ला, हेमंत तिवारी रतनारी, रामरति दांगी बड़गांन बहादुर लोधी मडिया अग्रसेन शामिल है। तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं जिनमें लोग संपर्क कर सकते हैं।

### जल निकासी के प्रबंध सुनिश्चित करें: डीएम

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वर्षाकाल को ध्यानगत रखते हुए निकायों एवं जनपदों के सीईओ को निर्देश दिए है कि वर्षारूपी जल का भराव रहवासी क्षेत्रों में न हो कि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में वर्षाकाल के दौरान कीचड़ न हो के लिए पूर्व में ही किए गए प्लान का क्रियान्वयन करें ताकि गांव में जल भराव ना हो सकें। कलेक्टर ने कहा कि वर्षाकाल के दौरान गौवंश खुले में विसरण न करें खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि गौवंश सड़कों पर न बैठे। उन्होंने ऐसे सभी गौवंशो को नजदीक की गौशाला में शिफ्ट कराने की व्यवस्था क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि वर्षाकाल के दौरान पुल-पुलियों पर सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं खासकर पुल-पुलियों के ऊपर वर्षारूपी जल बहाव होने के कारण आवागमन प्रतिबंधित रहें सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक प्रबंध पूर्व में ही सुनिश्चित कराए जाएं इसी प्रकार के निर्देश ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्रियान्वित करने के निर्देश विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः विधायक हरिसिंह सप्रे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

जल संरक्षण और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लाइव प्रसारित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन सुनने के बाद कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवीन तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर नीम, पीपल, अमलतास जैसे छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की हरियाली और स्वच्छ वायुमंडल में सहयोगी सिद्ध होंगे। प्रकृति और जल हमारे जीवन का आधार हैं। एक वृक्ष लगाना केवल पर्यावरण सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा और जीवन का बीज बोना है।



### विनोद सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष बने

**विदिशा।** क्षत्रिय राजपूत महासभा की बैठक राजपूत धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें आगामी तैयारी को लेकर दशरथ सिंह राठौड़ को प्रदेश संरक्षक, प्रदीप सिंह चंदेल को जिला संरक्षक, जितेंद्र सिंह राजपूत जिला संयोजक, विनोद सिंह राजपूत को विदिशा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं गोविंद राजपूत हरुखेड़ी का भी सम्मान किया गया। बैठक में भोपाल से बृजेंद्र सिंह सिकरवार, प्रदेश प्रभारी रघुनाथ सिंह तोमर, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बलराम सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष जगरूप सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सहित राजपूत सरदार मौजूद रहे।



विनोद सिंह राजपूत

### कथा और शिवलिंग निर्माण के लिए हुई बैठक

**विदिशा।** 13 से 19 जुलाई तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन विनायक बैंक्विट हॉल में होने जा रहा है। इसी संदर्भ में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें लिए सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दंडोतिया रामस्वरूप शर्मा, श्याम बाबू शर्मा, मोहनलाल साहू, प्रशांत शर्मा, देवेंद्र वशिष्ठ, रमेश साहू, मनोज व्यास, संतोष गुप्ता, प्रकाश सोनकर, शिवचरण साहू मौजूद रहे।

### विदाई समारोह आयोजित कर किया सम्मानित

**गुलाबगंज।** एकीकृत माध्यमिक शाला अंडिया कला में शीला सप्रे का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राकेश कटारे , संकुल प्राचार्य मीना अहिरवार, बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार, वन प्राचार्य सूर्यवंशी, सरपंच अनीता चौकसे, जनपद सदस्य सचिन यादव, संस्था प्राचार्य राजेश कुमार रजक द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। अतिथि को शाल श्रीफल भेंट किया गया। मुकेश कुमार पाण्डेय ने तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया। मंच संचालन जितेंद्र सिंह दांगी द्वारा किया गया। संकुल के सभी बीएसी, सीएसी, ग्राम के पूर्व सरपच मुकेश चौकसे, उपसरपंच विवेक चौकसे, रामबाबू दांगी आदि मौजूद रहे।

## जलदूतों को प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर द्वारा माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत जलदूतों को प्रशिक्षण देकर जलगंगा समापन समारोह के मौके पर जलदूतों को प्रमाणपत्र दिए गए।

माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत जलदूतों को जनपद पंचायत लटेरी, सिरोंज, नटेरन, कुरवाई में प्रशिक्षण दिया गया। जलगंगा संवर्धन समापन समारोह के मौके पर सोमवार को जनपद पंचायत ग्यारसपुर एवं बासौदा के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर के द्वारा जलदूतों को प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान यह प्रशिक्षित जलदूतों के द्वारा ग्रामीण संरचनाओं को जल सहजने हेतु एवं ग्रामीणों को जागरूकता लाने प्रेरित करेंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आरपी राय, परियोजना अधिकारी मनरेगा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अर्चना सिंह, जनपद पंचायत ग्यारसपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र जैन एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी स्वपनिल श्रीवास्तव सहित माय भारत पोर्टल पंजीकृत जलदूत एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ सेवानिवृत्ति

**ग्यारसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार जैन के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह आयोजित कर उन्हे विदाई दी गई। उनके 40 साल के अनुभव की सराहना की गई। अपने विदाई भाषण में डॉक्टर जैन ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए और कहा यह मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात है कि मैंने इतने अद्भुत सहयोगियों के साथ काम किया। इस दौरान पूर्व सरपंच गजेंद्र सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी प्रताप सिंह रघुवंशी, मुकेश कुमार सोनी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह, एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, तहसीलदार सौरव मालवीय, शिक्षक भुवनेश्वर चतुर्वेदी, संजय बजाज, सचिन मिश्रा मौजूद रहे।

# स्त्रोतों का पानी दूषित न हो शुद्धिकरण के लिए दवाईयां डालने का कार्य युद्धगति से किया जाए: कलेक्टर गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन तथा मुख्यमंत्री मानिटरिंग सेल और वरिष्ठ कार्यालयों से आने वाले आवेदनों के निराकरणों पर विभागवार अब तक की गई कार्रवाई से संबंधित विभाग के जिलाधिकारियों ने अवगत कराया।

कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान वर्षाकाल को ध्यानगत रखते हुए विभागों के अधिकारियों को विशेष सतर्कता, सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के सभी पेयजल स्त्रोतों का पानी दूषित न हो सकें इसके लिए आवश्यक शुद्धिकरण दवाईयां डालने का कार्य युद्धगति से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने निजी जल स्त्रोतों के संबंध में भी इसी प्रकार के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निराकरण का संतुष्टिपूर्वक समाधान हो के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कराने ताकिद किया है।

उन्होंने विभागवार लंबित सौ दिवस से लंबित समाधान रिपोर्ट, सीएम हेल्पलाइन के तहत सौ दिवसीय, पचास दिवसीय और जून माह के लंबित विभागवार आवेदनो के निराकरण हेतु विभागों के माध्यम से की जा रही पहल की समीक्षा करते हुए संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम को भी निराकरण की समीक्षा स्थानीय स्तर पर करने और विभागों में समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के जो भी शासकीय भवन जर्जर हो गए हैं सबको गिरएाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कराई जाए ताकि क्षतिग्रस्त भवनों में वर्षाकाल के दौरान किसी भी प्रकार की घटना घटित न हो पाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानो से हितग्राहियों को तीन माह का राशन एक साथ वितरित किया जा रहा है उक्त वितरण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने ततसंबंध में सभी एसडीएमों को विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा है कि उचित मूल्य दुकाने समय पर खुले और उनकी मॉनिटरिंग क्रियान्वित की जाए। हितग्राहियो को राशन प्राप्ति में कहीं दिक्कते आती है तो तुरंत कार्रवाई करें। उपरोक्त खाद्यान्न की कहीं भी कालाबाजारी न हो। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सम्पन्न हुई उक्त बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया के अलावा संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।









## तहसीलदार, टीआई, नपा अध्यक्ष प्रति. ने दी समझाइश, नहीं माने तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सख्ती से उठाया

# नपा के सामने दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती के रहवासियों ने हाईवे पर किया डेढ़ घंटे चक्काजाम, वाहनों की लगी रही कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आवास के पट्टे बनाए जाने सड़क समस्या से परेशान होकर दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती वार्ड 17 के रहवासियों के सब्र का बांध सोमवार को सुबह 10 बजे फूट पड़ा। नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने सुबह 10 से साढ़े 11 बजे तक नारेबाजी करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई, जिससे लोग परेशान हुए।

पुलिस ने कुछ आंदोलन कारियों को वाहन में सख्ती से बिठाकर कोतवाली थाने ले गई। इसके बाद हाइवे पर चक्काजाम खत्म हुआ। कोतवाली टीआई सुल्या ने बताया कि पूछताछ के बाद प्रदर्शन कारियों को छोड़ दिया गया। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे झुग्गी बस्ती के गरीब लोगों के लिए आवास बनाने पट्टों की मांग और आवागमन के लिए कच्चे रास्ते पर कीचड़ हो जाने से बारिश के मौसम में उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा है। रहवासियों द्वारा नगर पालिका पर सौतेला व्यवहार के आरोप भी लगाए गए। साथ ही बच्चे युवकों ने वार्ड 17 की कांग्रेस पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन कारियों को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन, तहसीलदार डॉ हर्ष विक्रम सिंह, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, कोतवाली टीआई शेरा सुल्या समझाइश देने पहुंचे, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। करीब डेढ़ घण्टे तक चलता रहा चक्काजाम, प्रदर्शन में महिलाएं बच्चे युवक शामिल रहे।





### इनका कहना है...



*हमने नपा परिषद की बैठक में दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती और श्याम नगर में सीसी सड़क मंजूर करवा दी है। बजट आते ही सड़क निर्माण करवा दिया जाएगा। फिलहाल नपा में बजट की कमी है।*

*- **अजीजा बी**, कांग्रेस पार्षद वार्ड नं. 17 रायसेन*

---

## वाहनों की रफ्तार नहीं थमी, सांची रोड पर हाइट बैरियर, फाइबर ब्रेकर लगाए

# दिन के समय बाजार में अब नहीं घुस पाएंगे भारी वाहन, बैरियर का निर्णय अभी लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में सांची विदिशा मार्ग पर प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के पहियों की रफ्तार अब धीमी होने लगी है। क्योंकि जिला व पुलिस प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से फाइबर ब्रेकर बनवा दिए गए हैं, जिससे काफी हद तक तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों की गति कम हुई है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी आई है।

यातायात पुलिस का मानना है कि यह प्रयोग हाइट बैरियर की सुरक्षा में कारगर कदम होगा। पूर्व में दो बार बैरियर इसलिए टूट गया था। क्योंकि ब्रेकर न होने से रेत से भरा डंपर तेज रफ्तार में जाते समय टकरा जाते थे। अब फाइबर ब्रेकर दूर से दिखेगा, जिससे वाहनों के चालक रफ्तार धीमी करेंगे और सड़क हादसे नहीं होंगे। लेकिन कोतवाली के पास हाइट बैरियर का प्लान अब खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस और नगरपालिका का कहना है कि वहां भी लगवाया जाएगा। लेकिन करीब सात माह में पांच बैठकों में निर्णय के बाद एक लग पाया है, जिससे दूसरे में और समय लग सकता है।

नेशनल हाइवे, सागर भोपाल स्टेट हाइवे रायसेन बायपास पर आए दिन हो रहे हादसों के बाद शहर से होकर गुजर रहे भारी वाहनों से भी खतरा बढ़ रहा था। इसके लिए पहले नगर पालिका की बैठक में नवंबर 2024 में और बाद में सडक़ सुरक्षा एवं यातायात समिति की बैठक में हाइट बैरियर लगवाने का निर्णय लिया गया था।

तय किया गया था कि कोतवाली के पास यह बैरियर लगाया जाए, लेकिन वहां व्यापारियों के विरोध के चलते प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया। अब नवीन बस स्टैंड के पास यह हाइट बैरियर लगाने की आवाज तेज होने लगीं है। दिया शहर यातायात पुलिस ने बाजार से सांची रोड़र की ओर जाने वाले मार्ग पर थोड़ा पहले रेडियम रिफलेक्टर के साथ फाइबर का स्पीड ब्रेकर लगवाए गए हैं। ऐसी ही व्यवस्था राजमार्ग सागर भोपाल पर आने जाने वाले वाहनों के लिए बैरियर के ठीक पहले लगाए जाने की योजना बनाई है।

### खास बातें

- हाइवे पर 18 हजार से अधिक वाहन दिन-रात गुजरते हैं।
- 40 किमी. प्रतिघंटा रफ्तार तय है डंपर व ट्रक की।
- 50 किमी. प्रतिघंटा रफ्तार तय की गई है बसों की।
- 60 किमी. प्रतिघंटा रफ्तार से चल सकेंगे कार चालक।



### फिर भी वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं....

*नेशनल हाईवे ,स्टेट हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों में वाहनों की रफ्तार पर तो रोक नहीं लग पाई है। लेकिन बस स्टैंड के पास हाइट बैरियर लगवाने की योजना बनाई है। भारी वाहनों को टकराने से रोकने के लिए बैरियर से थोड़ा पहले फाइबर के ब्रेकर भी लगाए जाएंगे।*

### बाहर नहीं भारी वाहनों की गति

*भोपाल रायसेन हाइवे पर रायसेन बायपास के आगे और कोतवाली के पास सागर भोपाल तिराहे से आगे वाहनों की रफ्तार में अंकुश नहीं लग पाया है। हालांकि पुलिस ने कोतवाली के पास बायपास, पर भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने की सूचना वाले संकेतक लगवाए जाने के निर्णय लिएहैं। लेकिन इनका फिलहाल कोई असर नहीं हुआ।*

### यहां बनवाए फाइबर ब्रेकर

*यातायात पुलिस, जिला व पुलिस प्रशासन ने सांची रोड़ पर जिला कोर्ट के सामने, कलेक्टर बंगले के करीब, सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल के सामने और भारत नगर के पास आदि जगहों पर फाइबर हाइट ब्रेकर लगाए गए हैं। इनमें रात्रि के समय कुछ शरारती तत्वों ने फाइबर स्पीड ब्रेकरों की तोड़फोड़ भी कर दी है, जो गलत है।*

### कार्रवाई करते हैं

शहर में सांची रोड़ पर चार स्थानों पर फाइबर के ब्रेकर लगवाए गए हैं और गर्डर पर रेडियम रिफलेक्टर भी लगे हैं, जिससे वाहन चालक को दूर से बैरियर दिख जाए। ब्रेकर से स्पीड भी कम हो जाएगी। ओवर स्पीड वाहनों पर कार्रवाई करते हैं, इसे और बढ़ाया जाएगा।

- **लता मालवीय**, सिटी यातायात प्रभारी रायसेन।

---

## आबकारी-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नष्ट की तीन हजार लीटर कच्ची शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

थाना सांची के ग्राम गुलगांव में एसपी पंकज पांडे के निर्देशन में रायसेन आबकारी तथा सांची पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 3 हजार लीटर कच्ची शराब बनाने का लहान नष्ट किया। एसपी पांडे द्वारा यह कार्यवाही लगातार कई दिनों से चलाई जा रही है।

ग्राम गुलगांव के ज्ञानपुरा में हाथ की भट्टी से गुड़ और लहान से बना रहे कच्ची शराब को बरामद कर नष्ट किया गया। इस मौके पर रायसेन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, सांची थाना प्रभारी नितिन अहिरवार और उनकी टीम के द्वारा पूरी भूमिका निभाई गई।

### कार्रवाई : महिला कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार

**सलामतपुर।** पुलिस की कार्रवाई में शुक्ला कॉलोनी में कच्ची शराब बेंचते हुए एक महिला को मुखबिर की सूचना के बाद घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में, एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। अभियान में थाना प्रभारी सलामतपुर दिनेश रघुवंशी, एएसआई राजेश यादव, महिला प्रधान आरक्षक विमला यादव मौजूद थीं।

वहीं थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद थाने से पुलिक स्टॉफ़ को मौके पर भेजा तो एक महिला को 4 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। महिला के विरुद्ध 34(1) आबकारी की कार्रवाई की गई है। नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

---

### परीक्षण बाद 26 मरीजों का होगा आंखों का आपरेशन



**सिलवानी।** नगर के सिविल अस्पताल में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ भोपाल के द्वारा सोमवार को निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। यहां पर 78 मरीजो की आंखो का परीक्षण नेत्र सहायक पुष्पराज आर्य द्वारा किया। कम्युनिटी मोबिलाइजर संजीव धाकड़, मुकेश राय ने विशेष सहयोग किया। नेत्र सहायक पुष्पराज आर्य ने बताया कि परीक्षण के बाद 26 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर विशेष वाहन से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ भोपाल पहुंचाया गया।

## मनमोहन शर्मा श्री परशुराम सेना के अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हिउस के पूर्व अध्यक्ष सहज सरल स्वभाव धार्मिक प्रवृति के धनी मनमोहन शर्मा को परशुराम सेना का रायसेन जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया है। पिछले दिनों हुई परशुराम सेना की संभागीय बैठक में संरक्षक मंडल के पं. राकेश चतुर्वेदी कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री सुनील उपाध्याय एवं अजय मिश्रा संभागीय प्रभारी की सहमति से मनमोहन शर्मा की नियुक्ति की गई।

मनमोहन शर्मा की औपचारिक घोषणा परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप मिश्रा द्वारा की गई। परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजौरिया सहित अन्य वरिष्ठजनों ने शर्मा को बधाई दी। संकट मोचन हनुमान मंदिर पपिरसर में उपस्थित विप्र बंधुओं ने मनमोहन शर्मा का पुष्पहारों से स्वागत किया। विपिन



व्यास, संजय शर्मा, रामकुमार उपाध्याय, हिमकर उपाध्याय, अवनीश पालीवाल, अमरीश व्यास, अध्यक्ष युवा ब्राम्हण परिषद, उमेश राजौरिया, सचिन शान्डिल्य, शंभू शरण चौबे, अनिल भार्गव, शिवांशु दुबे, विनय उपाध्याय, वीरन शर्मा, दिलीप शर्मा, गोविन्द शर्मा, सुरेन्द्र भार्गव, सुमित शर्मा सहित अन्यों की उपस्थिति रही।

सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा का स्वागत कर बधाईयां देते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### पानी की मोटर चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

**सलामतपुर।** पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए चार चोरों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एएसआई रमेश रैकवार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 22 जून की रात्रि में ग्राम छोला में फरियादी प्रकाश पिता बट्टूलाल के खेत से कोई अज्ञात चोर पानी की मोटर चुराकर ले गए थे, जिसकी रिपोर्ट 29 जून को की गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया था। फरियादी ने उसके पड़ोसी खेत मालिक राजा धानक पर शक ज़ाहिर किया था। पुलिस राजा को पूछताछ के लिए थाने ले आई। सख्ती से पूछताछ पर राजा ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और दो अन्य साथियों पप्पू उर्फ छोटेलाल धानक, मुकेश अहिरवार दोनों निवासी भरतीपुर गांव व मोटर खरीदने वाले कबाड़ी ताहिर हुसैन निवासी विदिशा का नाम बताया।

# जीतू पटवारी पर झूठा प्रकरण दर्ज कराना भाजपा की कार्रवाई लोकतंत्र पर काला धब्बाः शैलेंद्र पटेल

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेसी बोले - भाजपा सरकार की तानाशाही और साजिश का देंगे करारा जवाब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मप्र के अशोक नगर थाने में डॉ मोहन सरकार के मंत्रियों, सांसदों द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है, जो कि लोकतंत्र पर काला धब्बा साबित हो रहा है। इस मामले की भाजपा की तानाशाही की जितनी भी आलोचना की जाए उतनी कम है।

यह बात सोमवार दोपहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकारों की तानाशाही और मनमानी तरीके से पटवारी पर मुकदमा दर्ज कराना विपक्ष को कुचलने की साजिश रची है। भाजपा की यह ओछी राजनीति उसके चाल चरित्र चेहरे को उजागर करती है। पीड़ितों की आवाज को दबाने सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की घिनोनी राजनीति पर भाजपा उतर आई है। लेकिन कांग्रेस भाजपा की गीदड़ भभकी से डरने वाली नहीं। जनता की आवाज बनकर हमेशा विपक्ष की सशक्त भूमिका निभाती रहेगी।




#### निष्पक्ष जांच की मांग

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटेल ने झूठी एफआईआर की कड़ी निंदा करते हुए मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से जांच होना चाहिए। डॉ मोहन सरकार द्वारा पीड़ितों को डरा धमकाकर उनसे शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करवाकर अशोक नगर थाने में जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विधायक देवेंद्र पटेल, मनोज अग्रवाल ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि साजिश और तानाशाही से बाज आए भाजपा। सत्ता की ठसक दबाव की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी।

इस अवसर पर सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, राजेन्द्र सिंह तोमर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन सोलंकी, प्रभात चावला, रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी जावेद अहमद खान उपस्थित रहे।

---

**हादसों को दे रहा न्यौता, भवन के आसपास खेलते हैं बच्चे**

# अंबाडी में पुराना माध्यमिक शाला भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले माध्यमिक शाला अंबाड़ी का पुराना भवन कई वर्षों से जर्जर अवस्था में खड़ा हुआ है। यह कभी भी गिर सकता है। इसी भवन के आसपास पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे खेलते रहते हैं। कुछ ही दूरी पर वर्तमान में माध्यमिक शाला की क्लासेस संचालित भी हो रही है।

इसी जर्जर भवन के बाउंड्रीवाल का तीन वर्ष पहले गेट का पिलर दो बच्चों के ऊपर गया था। जिससे वह बच्चे खेल रहे थे। पिलर गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई थी तो एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था इसके बाद भी आज तक इस भवन को तोड़ा नहीं गया।

पंचायत द्वारा 1 वर्ष पहले इस भवन को तोड़ने के लिए रायसेन कलेक्टर कार्यालय में आवेदन भी दे चुकी है इसके बाद भी आज तक भवन में सही खड़ा जैसे पहले खड़ा था। पिछले साल 8 अगस्त को नायाब तहसीलदार नियति साहू और अलका पटवारी द्वारा ग्राम अंबाडी के पुराने माध्यमिक शाला के जर्जर भवन का निरीक्षण किया।



वहीं स्थानीय लोगों को जर्जर भवन के अंदर प्रवेश नहीं करने की समझाइश दी गई थी। निरीक्षण करे हुए 10 महीने बीत गए लेकिन भवन को नहीं तोड़ा गया। अब स्कूल भी प्रारंभ हो गए हैं और क्लास से भी लगने लगी है सभी बच्चे इसी भवन के पास से होते हुए शाला पहुंचते हैं और लंच की छुट्टी होने पर इसी भवन के आसपास खेलते रहते हैं।

बारिश में भवन की स्थिति और खराब हो जाती है अगर किसी दिन भवन स्कूल के समय गिर गया तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण ऑन ने मांग की है कि इस भवन कोड जाए ताकि हमारे बच्चे सुरक्षित रह सके।

### इनका कहना है

पुराने माध्यमिक शाला का भवन जर्जर अवस्था में कई वर्षों से खड़ा हुआ है। इसको तोड़ने पंचायत में 1 वर्ष पहले रायसेन कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया है और तहसीलदार द्वारा पिछले वर्ष निरीक्षण भी किया गया था इसके बाद आज तक नहीं तोड़ा गया।

- **कुंती रमेश कुमार** अहिरवार, सरपंच अंबाड़ी

मेरा घर माध्यमिक शाला भवन के सामने ही है पढ़ने वाले बच्चे रोज इस जर्जर भवन के आसपास ही खेलते रहते हैं हमेशा डर बना रहता है कई या भवन गिर ना जाए।

- **सुरेश साहू**, स्थानीय निवासी अंबाड़ी।

**जैन मुनि के दर्शन कर लिया आर्शीवाद**

## राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल ने जैन मंदिर पहुंचकर किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पंच कल्याणक महा महोत्सव में क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल 29 जून को नव निर्मित मुनि सुब्रतनाथ जिनालय पहुंचे, जहां श्रद्धा भक्तिभाव के साथ भगवान के दर्शन किए।

पंच कल्याणक महोत्सव समिति अध्यक्ष सुधीर बांसल ने राज्यमंत्री पटेल को संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

**पटेल का सम्मान :** पंच कल्याणक एवं मंदिर समिति द्वारा राज्यमंत्री पटेल का सम्मान किया। राज्यमंत्री पटेल ने जैन मुनि अक्षय सागर महाराज के दर्शन कर उनसे आर्शीवाद भी लिया।

### कमल याज्ञवल्क्य जर्नलिस्ट यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पत्रकार कमल याज्ञवल्क्य को असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट यूनियन का बरेली बाड़ी ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त किया। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राधा बल्लभ शारदा द्वारा दी गई।



जिला अध्यक्ष जगदीश जोशी, विजय प्रकाश तिवारी ने बधाई शुभकामनाएं दी। कमल याज्ञवल्क्य ने कहा कि पत्रकार साथियों की हितो की रक्षा मेरा धर्म है। सभी वरिष्ठो के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सहयोग का भरोसा दिया।